दिनांक–13.10.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बढ़ रहा कद, वैश्विक नेता के रूप मिल रही सराहना।
2- विजयादशमी का पर्व दशहरा धमूधाम से मनाया गया, जगह-जगह निकल रहे मां दुर्गा के चल समारोह।
3- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- शस्त्र आत्मरक्षा, अन्याय और शोषण के विरुद्ध जंग का प्रतीक हैं।
4- सरकार ने पराली जलाने वालां के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के दिये निर्देश।

---------------------------

पीएम मोदी-फरीद जकारिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बढ़ते कद को स्वीकार करते उन्हें एक वैश्विक नेता के रूप में देखा जा रहा है। जाने-माने भारतीय-अमेरिकी पत्रकार फरीद जकारिया ने श्री मोदी के बारे में कहा है कि भारतीय नेता, रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करने में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं। यह पहली बार नहीं है जब जकारिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी जवाहरलाल नेहरू के बाद सबसे महत्वपूर्ण भारतीय प्रधानमंत्री बन सकते हैं और एक बहुत शक्तिशाली विरासत छोड़ सकते हैं। आपको बता दें कि फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत ने अपनी सतत स्थिति बनाए रखी है, जो उसे कूटनीति और बातचीत के माध्यम से संघर्ष का समाधान खोजने के लिए दोनों पक्षों तक पहुंचने की अनुमति देती है। जुलाई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को मजबूत करने के लिए, अपना पूरा जीवन समर्पित करने और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए समाधान खोजने के लिए श्री मोदी को धन्यवाद दिया था।

---------------------------

दशहरा

पूरे प्रदेश में कल विजयादशमी का पर्व दशहरा धमूधाम से मनाया गया। मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने श्योपुर जिले के विजयपुर पुलिस थाने में विधि विधान से शस्त्र पूजन किया। शास्त्रागार में

शस्त्रां की मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा की गई। उधर, जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा व संस्कृति में शास्त्र और शस्त्र दोनों के पूजन का विधान है। अशोकनगर संवाददाता ने जानकारी दी है कि जिले में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने शस्त्रों की पूजा की। वहीं, नीमच जिले में दशहरा मैदान पर रावण का पुतला दहन किया गया। सीहोर जिले में पुलिस परेड ग्राउंड में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने शस्त्रों एवं वाहनों का पूजन किया। पन्ना जिले के प्राचीन खेजड़ा मंदिर में सदियों से चली आ रही परम्परा के अनुसार महाराजा छत्रसाल के वंशज पन्ना नरेश छत्रसाल द्वितीय को मंदिर के पुजारी द्वारा दिव्य तलवार, पान व बीरा भेंट किया गया। खंडवा जिले में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र-पूजन किया।

डिंडोरी से मिली जानकारी के अनुसार यहां उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद प्रतिमाओं का चल समारोह शुरू हुआ जो देर रात तक चलते रहा।

---------------------------

किशोर कुमार सम्मान

खंडवा में 'राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान कार्यक्रम' आज पुलिस परेड ग्राउंड में होगा। इसमें फिल्मकार राजकुमार हिरानी को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रभारी मंत्री धर्मेंद्रसिंह लोधी को शामिल होना था, लेकिन निजी कारणों ने दौरा रद्द हो गया। यह कार्यक्रम आज शाम 7 बजे कार्यक्रम होगा। इसमें गायक नीरज श्रीधर अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। आयोजन संस्कृति विभाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनजातीय विभाग मंत्री विजय शाह रहेंगे। आपको बता दें कि राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान 1997-98 में भोपाल से शुरू हुआ था। किशोर प्रेमियों की मांग पर 2003-04 में समारोह का आयोजन किशोर दा की नगरी खंडवा में शुरू हुआ। आज राजकुमार हिरानी को 27वां किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

---------------------------

शस्त्र-पूजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शस्त्र-पूजन हमारी प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। शस्त्र आत्मरक्षा, अन्याय और शोषण के विरुद्ध जंग का

प्रतीक है। शस्त्रों के भरोसे ही धर्म और देश की रक्षा की जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लोकमाता अहिल्या बाई की कर्मभूमि महेश्वर में दशहरे के अवसर पर शस्त्र-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महेश्वर क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने के लिये इंडस्ट्रियल बेल्ट विकसित किया जायेगा। साथ ही यहां पर टूरिज्म विलेज भी बनेगा। महेश्वर में अहिल्या लोक भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शस्त्र पूजन के लिये महेश्वर को इसलिये चुना गया, क्योंकि लोकमाता देवी अहिल्या सुशासन और लोक कल्याण का प्रतीक रही हैं। इंदौर संवाददाता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये 'लोक माता देवी अहिल्याबाई' स्किल प्रोग्राम चलाने की घोषणा भी की। इंदौर के फर्स्ट बटालियन का नामकरण देवी अहिल्याबाई के नाम से करेन का ऐलान भी किया।

---------------------------

पराली जलाना

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों को पराली जलाने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। आयोग ने खेतों की गतिविधियों की लगातार निगरानी करने के लिए पंजाब और हरियाणा के मुख्ये जिलों में 26 केंद्रीय दल तैनात किए हैं। इस वर्ष 15 सितम्बर से 9 अक्टूबर तक पंजाब में धान के अवशेष जलाने की कुल दो सौ 67 घटनाएं और हरियाणा में कुल एक सौ 87 घटनाओं की खबर मिली है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा कि पराली जलाने की घटना एक गंभीर चिंता का विषय है। इसका असर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता पर पडता है। मंत्रालय ने कहा कि यह पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थानन तथा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सरकार सहित सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार विमर्श कर रहा है।

---------------------------

सोयाबीन का रावण

अतिवृष्टि से प्रदेश में कई स्थानों पर फसलों को नुकसान हुआ है। इसका प्रभाव दशहरा में भी दिखाई दिया। सीहोर जिले में खराब हुई सोयाबीन की फसल से रावण बनाकर अनूठे अंदाज में उसका दहर किया गया। किसानों की पीड़ा व्यक्त करने के लिए यह आयोजन ग्राम रामाखेड़ी में कल किया गया। इस मौके पर किसानों ने जमकर नारेबाजी भी की। किसानों ने शासन से मांग की कि खराब हुई सोयाबीन की फसल का मुआवजा और बीमा राशि प्रदान की जाए। साथ ही सोयाबीन की खरीदी 6 हजार रुपये प्रति क्विंटल की जाए।

---------------------------

पुरुष क्रिकेट

भारत ने कल रात हैदराबाद में तीसरे और श्रृंखला के अंतिम टी-20 मैच में, बांग्लादेश को 133 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से जीत ली। 298 रन के लक्ष्य के जवाब में, बांग्लादेश की टीम 7 विकेट पर 164 रन ही बना सकी। टी-20 में 133 रन से जीत भारत की अब तक की तीसरी सबसे बड़ी जीत है। संजू सैमसन को मैन ऑफ द मैच और हार्दिक पांडया को मैन ऑफ सिरीज घोषित किया गया।

---------------------------

अब कुछ समाचार संक्षिप्त में

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के सूरत में आयोजित जल संचय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान गुजरात के मुख्यमंत्री और बिहार के उप मुख्यमंत्री भी सहभागिता करेंगे। श्री यादव शाम को सूरत से रवाना होकर शाम 7 बजे इंदौर आएंगे।
- कजाकिस्तान में एशियाई टेबल टेनिस में, ऐहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय जोड़ी के सेमीफाइनल में पहुंचने से पदक मिलना तय हो गया है। यह पहला मौका होगा, जब कोई भारतीय जोड़ी इस चौंपियनशिप में पदक जीतेगी। कल इस जोडी ने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे की जोड़ी को हराया।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि पूर्व राज्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एनसीपी के नेता बाबा सिद्दिकी की हत्या के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि श्री सिद्दिकी की कल शाम मुंबई में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है।
- बहुस्तरीय कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति नेशनल मास्टर योजना ने तीन वर्ष पूरे कर लिये है। इस योजना ने विभिन्न् मंत्रालयों की 15 लाख करोड़ रूपये से अधिक की लागत की दो सौ आठ बड़ी मूलभूत परियोजनाओं के मूल्यांकन करने की उपलब्धि हासिल की है।
- मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। बैतूल, बड़वानी, खरगोन और धार जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

----------------------------

अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बढ़ रहा कद, वैश्विक नेता के रूप मिल रही सराहना।
2- विजयादशमी का पर्व दशहरा धमूधाम से मनाया गया, जगह-जगह निकल रहे मां दुर्गा के चल समारोह।
3- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- शस्त्र आत्मरक्षा, अन्याय और शोषण के विरुद्ध जंग का प्रतीक हैं।
4- सरकार ने पराली जलाने वालां के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के दिये निर्देश।

----------------------------